



अंक : 525 वर्ष 41

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

राँची, 31 दिसम्बर, 2017


# अध्यक्ष कोल इंडिया ने खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया



जेएसएसपीएस के बच्चों के साथ कोल इंडिया अध्यक्ष श्री गोपाल सिंह, निदेशक (यो/परि.) श्री ए.के. मिश्रा एवं अन्य

विगत 30 दिसम्बर को कोल इंडिया अध्यक्ष/सीएमडी सीसीएल श्री गोपाल सिंह जेएसएसपीएस के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों एवं उनके अभिभावकों से होटवार स्थित खेल अकादमी में मुलाकात की और खिलाड़ियों को "ग्रामीण राष्ट्रीय खेल–कूद प्रतियोगिता–2017" में उत्कृष्ट प्रदर्शन और मेडल जीतने के लिए बधाई दी। विदित हो कि दिसम्बर माह में होटवार, रांची में आयोजित "ग्रामीण राष्ट्रीय खेल–कूद प्रतियोगिता–2017" में जेएसएसपीएस के 127 बच्चों ने एथलेटिक्स, तायक्वांडो, आर्चरी एवं रेसलिंग में भाग लिया और 108 बच्चों ने मेडल जीतकर झारखंड का नाम रौशन किया। इस प्रतियोगिता में 23 राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

बच्चों को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि आप अपने माता–पिता, गुरू का सम्मान करे एवं समाज के उत्थान के लिए अवश्य कार्य करें। आज आप जो कुछ भी हैं इसमें सभी के माता की अहम भूमिका रही है। श्री सिंह ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आने वाले समय में आप सभी का लक्ष्य ओलंपिक में मेडल प्राप्त करना है। श्री सिंह ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे जब भी अवकाश में घर जायें तब भी वे अपना दैनिक अभ्यास निरंतर करें।

अध्यक्ष, कोल इंडिया एवं निदेशक (यो./परि.) श्री ए.के. मिश्रा ने संयुक्त रूप से सभी 178 बच्चों के बीच जर्सी का वितरण किया।

## कोल इण्डिया देश की उर्जा आवश्यकता को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध – श्री गोपाल सिंह




पंडित दीनदयाल उपाध्याय उर्जा संवाद कार्यक्रम में उपस्थित सभी को संबोधित करते अध्यक्ष कोल इण्डिया श्री गोपाल सिंह

बीएनआर चाणक्य, राँची में हिन्दुस्थान समाचार एजेंसी द्वारा आयोजित तकनीकी सत्र – "पंडित दीनदयाल उपाध्याय उर्जा संवाद" में अध्यक्ष कोल इण्डिया/सीएमडी सीसीएल श्री गोपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री का स्वप्न 2018 तक विश्वसनीय और सस्ती बिजली (Reliable and affordable power) उपलब्ध कराना है और यह सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कोल इण्डिया एवं इसकी अनुषंगी कंपनियाँ देश की उर्जा आवश्यकता पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। सितम्बर माह में कोल इण्डिया ने लगभग 21% अधिक कोयला प्रेषण कर राष्ट्र की उर्जा आवश्यकता को पूरा करने में अपनी अहम भूमिका निभायी है और निरंतर कोयला उत्पादन जारी है।

श्री सिंह ने कहा कि देश में बिजली उत्पादन को बढ़ाने की अपार संभावना है। हमारे देश में लगभग 320 बिलियन टन कोयला का भंडार है जो पूरे विश्व का 7% है और हम भारतीय विश्व की तुलना में काफी कम उर्जा का उपयोग करते हैं उन्होंने कहा कि देश के कुल बिजली उत्पादन का 60% अकेले कोयला पर आधारित है और यह सबसे सस्ती भी है। कोल इण्डिया अपने वृहद परिवार के सहयोग से उत्पादन बढ़ाकर अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत विगत 19 दिसम्बर को जन–आरोग्य केंद्र, गांधीनगर राँची में महिलाओं के लिए "गर्भाशय एवं स्तन कैंसर" की नि:शुल्क जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन सीसीएल के सीएमएस डॉ. आर.आर. सिन्हा ने किया। केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर एवं जन–आरोग्य केंद्र के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 120 महिलाओं की जांच की गई। 41 महिलाओं का पेपस्मियर जाँच किया गया। शिविर में महिलाओं को कैंसर से बचने के उपाय एवं लक्षण और आवश्यक सलाह दी गयी और उन्हें इन बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया।

इसी कड़ी में गांधीनगर अस्पताल में दो दिवसीय नि:शुल्क "विशाल नेत्र शिविर" का आयोजन किया गया जिसमें मोतियाबिन्द से पीड़ित मरीजों का ऑपरेशन गांधीनगर अस्पताल के अनुभवी नेत्र चिकित्सकों द्वारा नवीनतम तकनीक से किया गया साथ ही नि:शुल्क लेन्स, काला चश्मा, दवाओं की व्यवस्था की गई। लाभान्वित मरीजों ने सीसीएल के इस प्रयास की सराहना की।



कैंसर जाँच शिविर में महिलाओं की जाँच करते सीसीएल चिकित्सक

## ख्रीस्त जयंती मिलन समारोह–2017



दीप प्रज्ज्वलित करते निदेशक (कार्मिक) श्री आर. एस. महापात्र

हमारे देश की विविधता में एकता की परंपरा को चरितार्थ करते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 16 दिसम्बर को मुख्यालय में "ख्रीस्त जयंती मिलन समारोह–2017" का आयोजन किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि निदेशक(कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा केक काट कर कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन किया।

मुख्य अतिथि श्री महापात्र ने सभी को क्रिसमस की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रभु यीशु मसीह के शांति, भाईचारा एव क्षमा के संदेश को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें मानवीय गुणों को अपनाना चाहिए और सभी के साथ एक सामान व्यवहार करना चाहिए।

अवसर विशेष पर सीसीएल के अधिकारी कर्मचारी और उनके परिवारजनों ने मुख्य अतिथि के साथ ख्रीस्त जयंती मिलन समारोह–2017 में शामिल होकर कलाकारों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया।

## सीसीएल को सीएसआर अवार्ड




वरीय प्रबंधक (सीएसआर), श्री आलोक गुप्ता पुरस्कार ग्रहण करते हुए

"CSR: Investing in Generation Next" के थीम पर फेडरेशन ऑफ इंडियन चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय सीएसआर समिट में सीसीएल को सीएसआर के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान माननीय केंद्रीय राज्यमंत्री, कॉरपोरेट कार्य, कानून एवं न्याय, (भारत सरकार) श्री पी पी चौधरी ने प्रदान किया। वरीय प्रबंधक (सीएसआर), श्री आलोक गुप्ता ने सीसीएल की ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। अवसर विशेष पर पद्म भूषण श्रीमती राजश्री बिरला, श्री ली एच. क्वांहग एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे ।


सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, उप–प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)